an>

Title: Regarding providing Schedule Caste status to Bengali people living in Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराÂट्र के विदर्भ विभाग में चन्द्रपुर, गढ़चिरोली, भंडारा, गोंदिया एवं कुछ अन्य जिले जहां बंगाली समाज बड़ी संख्या में रहता है, की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदया, इस समाज को पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिया जाता है, लेकिन महाराÂट्र के इन जिलों में, जहां यह बंगाल समाज रहता है, उनको यह प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता है। अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं से वे वंचित रहते हैं, इससे उन लोगों में असंतोÂा फैला हुआ है। बंगाल समाज संगठन के माध्यम से जाति का प्रमाण पत्र उनको मिलना चाहिए, इसके लिए उन्होंने शासन से कई बार पत्र व्यवहार किया, वहां के लोक प्रतिनिधियों ने भी इसके लिए कई बार पत्र व्यवहार किया, लेकिन अभी तक उनको अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नहीं मिला।

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि नियमों में संशोधन करके बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिलाया जाए। ऐसी मैं आपसे विनती करता हूं, प्रार्थना करता हूं।